एक नजर में

अभियान के शुभारंभ पर दिलाई स्वच्छता की शपथ

भैरुंदा. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत रिछड़िया में स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया. इस दौरान जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत में झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया. राजेश लखेरा, अमित मीना ने ग्रामीणों, युवाओं और पंचायत स्टाफ को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलाई. इस अवसर पर उपसरपंच प्रतिनिधि दीप सिंह पंवार, लोकेश पटेल, रामकृष्ण, भविष्य पंवार, सतीश, सुन्दर चौधरी, ममता मालवीय, मोहित पंवार सहित महिलाएं उपस्थित थीं.

गांधी जयंती पर विद्यार्थियों ने निकाली नशामुक्ति रैली

बुधनी. गांधी जयंती पर सांदीपनी विद्यालय द्वारा नशामुक्ति एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने नशामुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली. तहसीलदार राकेश खजुरिया ने स्वच्छता के प्रति सभी से योगदान देने की अपील की. वहीं विद्यार्थियों ने योगिता बांगरे एवं अनुपमा दुबे के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया. इस दौरान प्राचार्य सुधा सालोमन, जीपी दायमा, विनोद तनेजा, सुरेंद्र सिंह जामलिया आदि मौजूद थे.

इनरव्हील क्लब ने वृद्धजनों को भेंट की आवश्यक सामग्री

आष्टा. इनरव्हील क्लब द्वारा संकल्प वृद्ध आश्रम एवं नशा मुक्ति केंद्र में वृद्ध दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर सचिव मंदाकिनी कासलीवाल की उपस्थिति में बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री, फल एवं विभिन्न खाद्य सामग्री एवं वस्त्र वितरित किए गए. कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष दीपिका सोनी, अर्चना सोनी, डॉ. चंद्रा जैन सहित बडी संख्या में क्लब की सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित रहीं.

सेवा पखवाड़ा के तहत शिकारपुर में चलाया पोषण अभियान

सीहोर. माय भारत केंद्र द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शिकारपुर में पोषण अभियान आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बच्चों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने का वितरण किया गया. जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन, पूजा सेन ने बच्चों एवं ग्रामीणजनों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी फायदे बताए. साथ ही बच्चों एवं माताओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में सरपंच सचिन पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता सेन, सचिव जयपाल विश्वकर्मा, नरेश पटेल, सचिन वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे.

नशा मुक्ति अभियान के तहत बंदियों को किया जागरूक

सीहोर. गांधी जयंती के अवसर पर जिला जेल में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 313 बंदियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया. इस दौरान बंदियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई. बंदियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की गई. इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकारी स्वप्नश्री सिंह,न्यायाधीश सुश्री सलोनी श्रीवास्तव, सुश्री नंदनी पटेल, जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल, उप अधीक्षक दिलीप नायक सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा.

आग के दावानल में स्वाहा हुए युवा कारोबारी के अरमान

शुक्रवार की देर रात मंडी क्षेत्र में फुटवेयर की दुकान में लगी भीषण आग से लाखों का माल जलकर हुआ राख

- त्यौहारी सीजन को देखते हुए किया था भरपूर स्टॉक
- आग लगने का प्रारंभिक कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अक्टूबर. त्योहारी सीजन को देखते हुए दुकान में लाखों रुपए के माल का स्टॉक रखने वाले युवा व्यवसायी को क्या मालूम था कि बीती रात का अंधेरा उसके कारोबार को इस तरह तबाह कर देगा कि उसे उबरने के लिए लंबे समय लगेगा. बीती रात मंडी स्थित जूते चप्पल की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग में लाखों रुपए का माल पूरी तरह खाक हो गया. जब तक आग पर काबू पाया जाता वहां राख के ढेर के अलावा कुछ नहीं बचा था. हालांकि विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अपने स्तर से यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन देते हुए ढांढस बंधाया.

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 11. 30 बजे मंडी माता मंदिर स्थित एनके इंटरप्राइजेज में अज्ञात कारणों से आग लग गई. बंद दुकान में से निकल रहे धुएं को देख वहां से गुजर रहे लोगों ने दुकान संचालक श्लोक शिवहरे को सूचित किया, लेकिन वह शहर से बाहर थे. नतीजतन लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचित किया.

तब तक बंद दुकान में आग भड़क चुकी थी और लपटें बाहर से नजर आ रही थीं. काला घना धुआं भी तेजी से निकला रहा था. लोगों ने दुकान की शटर का ताला तोड़ा. तब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी. दमकलकर्मियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का जतन किया. लेकिन आग की लपटों की भयावहता बरकरार बनी थी. जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी देर रात घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दमकल कर्मचारियों के साथ आग पर काबू पाने के प्रयास किए. मौके पर सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा भी पहुंची और स्थिति पर नजर रखी. इस दौरान गेल गैस कंपनी की दमकल भी पहुंच गई थी. काफी मशक्कतों के बाद आग पर काबू पाया जा सका. इस दौरान वहां काफी भीड़ जमा हो गई.

अपनी दुकान में आगजनी की जानकारी मिलने के बाद श्लोक शिवहरे भी रास्ते से वापस लौट आए थे. रूंधे गले से उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए उन्होंने लाखों रुपए का माल स्टॉक किया था, लेकिन सब कुछ आग की विकराल लपटों में स्वाहा हो गया. प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. आग कैसे लगी, इसका वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा.

सीहोर. मंडी क्षेत्र में बीती देर रात फुटवेयर की दुकान में भीषण आग लगने से उसमें रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया.

हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन

आगजनी में अपना सब कुछ गंवा बैठे दुकान संचालक श्लोक शिवहरे को नपाध्यक्ष ने ढांढस बंधाया और शासन स्तर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. इसके अलावा शनिवार को विधायक सुदेश राय भी मौके पर पहुंचे और दुकान संचालक शिवहरे को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. निरीक्षण के दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, मनीष तिवारी, जयंत शाह, वरुण गौर, नीरज साहू, दीपक अग्रवाल मौजूद थे. इसके अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने भी सोमवार को दुकान संचालक से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया.

सोमवार को विधायक सुदेश राय ने भी दुकान संचालक से मिल उसे ढांढस बंधाया.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर खुद फायर ब्रिगेड पर चढ़कर पाइप से आग पर पानी फेंक रहे थे.

खटपुरा मार्ग पर बस के सामने आया बाघ

नवभारत न्यूज

शाहगंज 3 अक्टूबर. क्षेत्र के खटपुरा में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बाघ अचानक यात्री बस के सामने आ गया. बाघ को देखबस चालक ने सतर्कता बरतते हुए गति धीमी कर दी. कुछ देर तक बाघ सड़क के आसपास दिखाई देता रहा, जिसके बाद वह जंगल की ओर चला गया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भोपाल से बकतरा जा रही बस रात्रि करीब आठ बजे ग्राम खटपुरा के समीप मार्ग से गुजर रही थी. इसी दौरान अचानक सड़क के सामने बाघ दिखाई दिया. बाघ को देखते ही यात्रियों में खलबली मच गई. यात्रियों ने मोबाइल से बाघ का वीडियो बनाया. चालक ने बस को नियंत्रित रखते हुए कुछ दूरी पर रोक दिया और बाघ के रास्ते से हटने का इंतजार किया.



रेंजर राजित द्विवेदी ने बताया कि खटपुरा क्षेत्र में बाघ दिखाई देने की सूचना मिली है. टीम द्वारा क्षेत्र में निगरानी की जा रही है. ग्रामीणों और वाहन चालकों से अपील है कि सावधानी बरतें. बाघ दिखने देने पर उसके पास जाने या उसका पीछा करने का प्रयास न

रिहायशी बस्तियों के करीब दिखा हिंसक वन्यजीव

- इंदौर नाका, दशहरा बाग में दिखी बाघ की मौजूदगी
- वन अमले को मिले फुटमार्क, लोगों को सजग रहने को कहा

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अक्टूबर. बीती रात इंदौर नाका क्षेत्र में उस वक्त भय और सनसनी का माहौल निर्मित हो गया, जब कुछ बाइक चालकों ने ईदगाह के समीप हिंसक वन्य प्राणी को देखा. वन विभाग को सूचित किया गया. रात भर सर्चिंग जारी रही, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका. शनिवार को पगमार्क जरूर मिले हैं. जिसके आधार पर वन विभाग ने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है.

तीन दिन पहले समीपस्थ ग्राम धबोटी व जहांगीरपुरा में बाघ देखे जाने की खबर सरगर्म थी कि शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे इंदौर नाके के समीप ईदगाह के पास एक हिंसक जानवर की झलक नजर आई. कुछ ही देर में यह बात शहर में आग की तरह फैल गई. सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और रात भर सर्चिंग करता रहा. मौके पर वन परिक्षेत्राधिकारी प्रिंयका गोयल, एसडीओ कृतिका जायसवाल भी मौजूद रहीं. लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इस दौरान वहां पर तमाशबीनों की भीड़ उमड़ आई थी, जिससे वन विभाग के अमले को काफी दिक्कतें हो रही थीं तो वह लोगों की सुरक्षा का लेकर भी चिंतित थे. शनिवार को भी पगमार्क तलाशे जाते रहे. आखिरकार दोपहर में खेतों में बाघ के पगमार्क देखे गए.

डिप्टी रेंजर विजय कसोटिया का कहना है कि पगमार्क गणेश मंदिर रोड के पीछे जाते देखे गए हैं. इसलिए कोड़िया, महोड़िया व अन्य ग्रामों में वन विभाग द्वारा मुनादी कराई जा रही है.डिप्टी रेंजर विजय कसोटिया ने बताया कि शनिवार को सर्चिंग के दौरान खेत में बाघ के पगमार्क मिले हैं. वापस लौटने के भी पगमार्क मिलने के कारण स्थानीय लोगों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है.

सोलर प्लांट में चोरी का आरोपी धराया

- कंटेनर का ताला तोड़कर चार लाख का माल ले गया था
- मामले का अन्य आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

नवभारत न्यूज

बुधनी 3 अक्टूबर. सोलर प्लांट परिसर में कंटेनर का ताला तोड़कर करीब 4 लाख रुपए कीमत की सामग्री चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है. पुलिस ने के घर से चोरी गई सामग्री भी बरामद की है. मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में सोलर प्लांट स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है. प्लांट परिसर में कंपनी की विभिन्न सामग्री एक कंटेनर में रखी गई थी. 2 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे कर्मचारियों ने साइट का निरीक्षण किया तो कंटेनर का ताला टूटा मिला और दरवाजा खुला हुआ था.

चोरी गई सामग्री की कीमत करीब 4 लाख रुपए आंकी गई. सूचना मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. पुलिस ने कन्हैया कीर पिता कैलाश कीर निवासी ग्राम पातालखो को हिरासत में लिया. आरोपी के घर से चोरी गई करीब 4 लाख रुपए की सामग्री बरामद की गई.

66 वर्षीय पाराशर करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

सीहोर. उम्र को सीमा मानने के बजाय जुनून और मेहनत को ताकत बनाने वाले बिलकिसगंज निवासी 66 वर्षीय वेटलिफ्टर मोहन पाराशर एक बार फिर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं. आगामी 4 से 6 दिसंबर तक मलेशिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में वे 65 से 69 आयु वर्ग की 85 किलोग्राम भारवर्ग श्रेणी में हिस्सा लेंगे. मोहन पाराशर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह और राष्ट्रीय स्तर पर पांच स्वर्ण पदक जीते हैं. विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण, कॉमनवेल्थ प्रतियोगिताओं में दो तथा एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक उनके नाम है. ग्रीस में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में 148 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता था.

महिला के गले से चेन झपटने वाला पकड़ाया

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 अक्टूबर. बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार होने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए सोने की चेन बरामद करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

पुलिस के अनुसार 30 सितंबर को बसंती बाई पत्नी स्व. बाबूलाल गोस्वामी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह घर के सामने झाड़ू लगा रही थी. इसी दौरान स्कूटी से एक व्यक्ति आया, जिसका चेहरा कपड़े से ढका हुआ था. उसने संतोष शर्मा का पता पूछा और महिला के गले से करीब एक तोला वजनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गया.

पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. इसमें सफेद रंग की स्कूटी संदिग्ध नजर आई. वाहन मालिक से पूछताछ में पता चला कि स्कूटी उसके भाई साजिल खान उर्फ बाबू द्वारा उपयोग की जा रही थी. पुलिस ने आरोपी साजिल खान पिता मो. शकील निवासी लाल मस्जिद को भोपाल से पकड़ा. आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया. आरोपी से सोने की चेन बरामद करते हुए स्कूटी जब्त की गई.

शिविर ग्राम थूना में सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा शिविर, राजस्व मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता से करें अधिकारी

नवभारत न्यूज

सीहोर 3 सितंबर. ग्राम थूना में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया. शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने नागरिकों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा विकास के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना आवश्यक है.

उन्होंने कहा शासकीय सेवक जनता की सेवा के लिए हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों का संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए. इस अवसर पर पौधा रोपण भी किया गया. शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना, डीएफओ श्रीमती अर्चना पटेल उपस्थित थे.

कलेक्टर बालागुरू के ने भी शिविर में उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए. एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने भी नागरिकों से चर्चा कर पुलिस से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली. राजस्व मंत्री वर्मा ने स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से हितग्राहीमूलक योजनाओं, पात्रता तथा लाभान्वित हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र व्यक्ति स्वयं आगे आकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें.

कार्यालय नगर परिषद इछावर जिला सीहोर (म. प्र.)

क्रमांक 1414-1417/ न.प.ई. / 2026 इछावर दिनांक 28.09.2026

प्रथम निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से वेबसाइट www.mptenders:gov.in पर निविदा दिनांक 02.10.2026 से दिनांक 16.10.2026 तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य अवधि
1.	2026_UAD_540320_1	वार्ड क्र.12 में माताजी चौक राजमल धनगर के मकान से गोलू विश्वकर्मा के मकान तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य।	314820	6296	2000	03 माह
2.	2026_UAD_540326_1	वार्ड क्र. 03 में जैन मंदिर से कसाईपुरा तक रोड़ के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य।	115452	2309	2000	03 माह
3.	2026_UAD_540328_1	वार्ड क्र. 11 में खेल मैंदान के पास कमलेश राठौर के मकान से बद्रीदादा कोलूवाले के मकान तक सीसी नाली निर्माण कार्य।	297098	5942	2000	03 माह
4.	2026_UAD_540329_1	वार्ड क्र. 12 में संजय लोट के मकान से घनश्याम के मकान होते हुए बाबूलाल के मकान तक आर.सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण	760941	15219	2000	03 माह

शर्तें :- निविदा संबंधी समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाईट www.mptenders:gov.in पर देखी जा सकती है।

देवेन्द्र वर्मा (भूरा)
अध्यक्ष
नगर परिषद इछावर

अनिल बिदुआ
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद इछावर